# न्यायालय अतिरिक्त जिला कलक्टर, नोहर (हनुमानगढ़)

(पीठासीन अधिकारी गुंजन सोनी आर.ए.एस.)

प्र0 सं0 28/2018

उप तहसीलदार छानी बड़ी जरिए जगदीश प्रसाद पुत्र श्री किशना राम जाति मीणा निवासी लम्बोर छिम्पियान तहसील राजगढ जिला चूरू ।

– प्रार्थी

बनाम्

1. सन्दीप पुत्र श्री भूपसिंह जाति जाट कुलड़िया निवासी छानी बड़ी तहसील भादरा हनुमानगढ़
2. ज्योती पुत्री भूपसिंह जाति जाट कुलड़िया निवासी छानी बड़ी तहसील भादरा हनुमानगढ़ ।
3. निर्मला पत्नी भूपसिंह जाति जाट कुलड़िया निवासी छानी बड़ी तहसील भादरा हनुमानगढ़ ।
4. ग्राम पंचायत छानी बड़ी जरिये सरपंच ग्राम पंचायत छानी बड़ी तहसील भादरा।
5. अध्यक्ष प्रशासन एवं स्थापना समिति पंचायत समिति भादरा तहसील भादरा ।

– अप्रार्थीगण

निगरानी विरूद्ध निर्णय दिनांक : 31.08.2018 पत्रांक : 2831/2018 बअनवानी स्टेट बनाम रामकिशन आदि वापिस लौटाई गई पत्रावली को स्वीकार किये जाने बाबत एवं जोहड़ पायतन की भूमि पर जारी किये गये पट्टा दिनांक : 11.6.1974 व 12.4.96 व 23.4.96 को निरस्त किये जाने बाबत ।

**निर्णय** दिनांक : **02.03.2021**

संक्षेप में निगरानी प्रार्थी की ओर से निम्न प्रकार से हैं :–

1. प्रार्थी ने बअदालत उप तहसीलदार (राजस्व) छानी बड़ी द्वारा अध्यक्ष प्रशासन एवं स्थापना स्थाई समिति पंचायत समिति भादरा के पत्रांक : 2831 दिनांक : 31.08.2018 के विरूद्ध निगरानी पेश करते हुए निवेदन किया कि अधीनस्थ न्यायालय में प्रार्थी ने एक अपील इस आशय से पेश की है
2. यह है कि ग्राम छानी बड़ी के रोही मौजा चक 5 सी.एच.एन. के खसरा नं0 89 की 0.405 है0 गैर मुमकिन पाल है जिसमें 6320 वर्ग फुट पर भूपसिंह पुत्र फुलाराम ने अनाधिकृत रूप से कब्जा कर रखा है तथा उसने अपने अतिक्रमण वाली जगह के अप्रार्थीगण संख्या 1 ता 3 ने अप्रार्थी संख्या 4 के साथ साजबाज कर पट्टे क्रमश : फुलाराम पुत्र बस्तीराम जाति जाट निवासी छानी बड़ी के नाम पट्टा नं0 0 दिनांक : 22.4.1996 तादादी 60 गुणा 20 एवं निर्मला पत्नी भूपसिंह के नाम पट्टा नम्बर 0 दिनांक : 23.4.1996 तादादी 60 गुणा 25 का जारी करवा लिया है ।
3. यह कि अप्रार्थीगण संख्या 4 ग्राम पंचायत को छानी बड़ी को केवल आबादी भूमि में पट्टा जारी करने का अधिकार है परन्तु अप्राथी संख्या 1 ता 3 व मृतक भूपसिंह ने तत्तकालीन सरपंच ग्राम पंचायत छानी बड़ी से दु :रभि सन्धि करके करके राज्य सरकार को नुकसान पहुंचाने के गरज से ग्राम छानी बड़ी के रोही मौजा चक 5 सी.एच.एन. जो खसरा नं0 89 की 0.405 है0 गैर मुमकिन पाल है जिसमें 6320 वर्ग फुट जो राज्य सरकार की सम्पति है, जो आबादी भूमि से अलग है, जो रिकार्ड में गैर मुमकिन पाल दर्ज है, को बिना अधिकार के खिलाफ कानूनन् अप्रार्थी संख्या 4 ग्राम पंचायत से मिली भगत कर अप्रार्थी संख्या 1 ता 3 के पक्ष में बिना अधिकार खिलाफ कानून पट्टे जारी कर जो विधि विरूद्ध है । अप्रार्थीगण संख्या 1 ता 3 के विरूद्ध उक्त अतिक्रमण के लिए प्रार्थी द्वारा राजस्थान उपनिवेशन अधिनियम की धारा 22 के तहत दिनांक : 20.11.2014 को अतिक्रमी घोषित किया जा चुका है ।

अतिरिक्त जिला कलक्टर नोहर (हनुमानगढ़)

क्रमश :...2...

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

